# गंगापुर सिटी नई मंडी में सरसों के कम दाम मिलने पर किसानों ने हंगामा किया

## नई अनाज मंडी में पुलिस की समझाइश पर फिर शुरू हो सकी नीलामी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** नई अनाज मंडी में बुधवार को सरसों के कम दाम मिलने पर किसानों ने हंगामा किया। नाराज किसानों ने मंडी का मुख्य गेट बंद कर दिया, जिससे करीब आधे घंटे तक कामकाज ठप रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद गेट खुलवाया गया, जिसके बाद नीलामी प्रक्रिया फिर से शुरू हो सकी।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 12 बजे मंडी में कृषि जिंसों की सामान्य नीलामी चल रही थी। इसी दौरान कुछ किसानों ने सरसों के दाम कम होने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। व्यापारियों ने किसानों से कहा कि यदि वे दामों से संतुष्ट नहीं हैं, तो अपनी उपज न बेचें। हालांकि, किसान अपनी मांग पर अड़े रहे, जिसके कारण नीलामी प्रक्रिया कुछ समय के लिए रोकनी पड़ी। व्यापारियों ने कुछ किसानों पर अभद्रता और अपशब्द कहने का भी आरोप लगाया। हंगामे के बाद व्यापारियों ने



गंगापुर सिटी में सरसों के कम दाम मिलने का आरोप लगा किसानों ने मंडी गेट बंद कर दिया।

मंडी समिति सचिव से शिकायत की और कहा कि ऐसे व्यवहार के कारण वे नीलामी में भाग नहीं लेंगे। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे कुछ किसान मंडी के मुख्य गेट पर पहुंचे और उसे बंद कर दिया। आरोप है कि इस दौरान एक व्यक्ति नशे की हालत में था। गेट बंद होने से मंडी में अफरा-तफरी मच गई और बाहर खड़े किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसानों से बातचीत की और करीब आधे घंटे बाद गेट खुलवाया। मंडी समिति सचिव के हस्तक्षेप के बाद नीलामी प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई। इस दौरान नीलामी रुकने से कई किसानों को नुकसान उठाना पड़ा, जो शांतिपूर्ण ढंग से अपनी उपज बेचने के लिए मंडी पहुंचे थे।

गौरतलब है कि इससे पहले 14 फरवरी को भी सरसों के कम दाम को लेकर किसानों ने मंडी गेट पर ताला लगा दिया था। उस समय नई सरसों में अधिक नमी के कारण किसानों की मांग पर मोश्चर मीटर से नीलामी कराने पर सहमति बनी थी। वर्तमान में भी नई सरसों में 15 से 20 प्रतिशत तक नमी बताई जा रही है। क्षेत्र में सरसों की अच्छी पैदावार के चलते इन दिनों मंडी में बंपर आवक हो रही है। रोजाना 15 हजार से अधिक कट्टे सरसों मंडी में पहुंच रहे हैं। मंडी समिति सचिव का कहना है कि नीलामी किसानों की सहमति से ही कराई जा रही है, लेकिन कुछ लोगों के हंगामे से अन्य किसानों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**जोधपुर जेल में बंद सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन :** जोधपुर की सेंट्रल जेल में बंद सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुंग की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को विभिन्न संगठनों ने रैली निकालकर जेल के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शामिल हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वांगचुंग की रिहाई की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। उनका कहना था कि सोनम वांगचुंग को सरकार के दबाव में जेल में रखा गया है, जिन्हें जल्द रिहा करना चाहिए।

समर्थकों का कहना था कि सोनम वांगचुक को पिछले साल 26 सितंबर को लद्दाख से गिरफ्तार किया था और उन्हें जोधपुर केन्द्रीय कारागार में रखा गया है। आज यहां हिरासत के 153 दिन पूरे हो गए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) का खुला दुरुपयोग करते हुए उन्हें अलोकतांत्रिक एवं गैर कानूनी रूप से नजरबंद किया गया है जो बेहद शर्मनाक है। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अलर्ट नजर आई और मोहनपुरा पुलिया के पास से ही सेंट्रल जेल की तरफ जाने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग कर रोक दिया। पुलिस ने डिस्कॉम, सीएमएचओ ऑफिस के रास्ते को भी बंद कर दिया।

# मुफ्त में आइसक्रीम नहीं देने पर युवक का अपहरण

**भीलवाड़ा, (निसं)।** वस्त्र नगरी में बेखौफ बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। शहर के व्यस्ततम इलाके में एक सरस पार्लरकर्मी का दिनदहाड़े अपहरण कर उसके साथ जानलेवा हमला करने और नकदी लूटने का मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश के चलते हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

- कुछ युवकों ने सरस पार्लरकर्मी का अपहरण कर लिया और मारपीट कर फरार हो गये
- सरस पार्लरकर्मी को जान से मारने का प्रयास किया, बदमाशों ने नकदी भी लूट ली

मिली जानकारी के अनुसार सत्यम कॉम्प्लेक्स स्थित सरस पार्लर पर कार्यरत हरिराम गुर्जर जब बैंक के पास से गुजर रहा था, तभी घात लगाकर आए कुछ युवकों ने उसे जबरन अपनी स्कूटी आरोपियों ने मंदिर के पास सुनसान जगह पाकर हरिराम पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट करते हुए उसे जान से मारने का प्रयास किया गया। बदमाशों ने हरी राम के पास रखे 23,500 रुपये की नकदी भी लूट ली। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर जमा होने लगे, तो आरोपी पकड़े जाने के डर से पीड़ित को लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल हरिराम को तुरंत महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और ट्रॉमा वार्ड में उपचार जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।


घायल हरिराम को महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया।

बताया जा रहा है कि इस पूरी वारदात की जड़ महज एक आइसक्रीम है। कुछ दिनों पूर्व आरोपियों ने सरस पार्लर पर हरिराम से मुफ्त में या असमय आइसक्रीम मांगी थी। हरिराम द्वारा मना करने पर आरोपियों ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। इसी रंजिश के चलते सुनियोजित तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया गया।

# एमडी ड्रग की खरीद करने वाले आरोपी के घर में जाली नोट मिले

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की मंडोर पुलिस ने आंगणवा स्थित एक घर में दबिश देकर एमडी ड्रग बेचने वाले शख्स को पकड़ा है। घर से 4.20 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। बाद जांच पुलिस के हाथ जाली नोट लगे। 19 नोट 500-500 के बरामद किए गए हैं। यह नोट किसी एमडी ड्रग खरीदने वाले ने ही आरोपी को दिए थे। दस हजार थे, एक नोट बाजार में चलना बता दिया। नकली नोट सप्लायर की पहचान की गई है, पुलिस अब इसकी तलाश में जुटी है।

- 4 .20 ग्राम एमडी भी बरामद, 19 नोट 500-500 के जाली मिले

मंडोर थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि आंगणवा, नंदपुरी में रहने वाले प्रेमसिंह के यहां पर अवैध मादक पदार्थ की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस ने मय जाब्ते के वहां पर रेड दी। आरोपी प्रेमसिंह के पास में 4.20 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। उसके पास में 19 नोट पांच-पांच सौ के भी मिले जोकि जाली है। किसी को एमडी बेचकर यह राशि जुटाई गई, मगर शातिर ने उसे नकली नोट थमा दिया। एमडी की खरीद-फरोख्त रात में की गई, ऐसे में उसे नकली नोट का पता नहीं चल पाया। थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि एमडी ड्रग के लिए जिस शख्स ने उसे नकली नोट थमाए, उसकी पहचान के साथ तलाश की जा रही है। आरोपी के घर में किसी प्रकार की नकली नोट छापने जैसे सामग्री नहीं मिली है। आरोपी प्रेम सिंह मूल रूप से रामड़ावास कलां का रहने वाला है। उससे प्रकरण में अब थानाधिकारी माता का थान शफीक मोहम्मद तफ्तीश कर रहे हैं।

**मवेशी चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार :-** उदयपुर में मकान से मवेशी चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी किए मवेशी मय वाहन जब्त किए।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित गोविनदसिंह पुत्र उदयसिंह निवासी मोर्यों की कडिया गोगुन्दा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि मेरे बाड़े से 23 फरवरी रात में अज्ञात चोर मवेशी चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी एएसआई भरमतसिंह ने मामले में मिले साक्ष्यों के आधार पर मनोहरसिंह पुत्र भागसिंह निवासी कडिया, राकेश सिंह पुत्र मनोहरसिंह, जगदीश मेघवाल पुत्र प्रतापजी, अक्षय प्रजापत पुत्र मांगीलाल निवासी कडिया को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की गई तीन भैसें मय पिकअप वाहन जब्त किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# महाजन फायरिंग रेंज में भारतीय सेना के 20 टन हैवी ड्रॉप सिस्टम का सफल परीक्षण

**बीकानेर, (निसं)।** भारतीय सेना के लिए अब ऊंचे पहाड़ों और दुर्गम इलाकों में भारी-भरकम हथियार पहुंचाना आसान हो गया है। महाजन फायरिंग रेंज में 20 टन तक भारी आर्मर्ड वाहनों को एयर ड्रॉप करने का सफल परीक्षण पिछले दिनों किया गया है। महाजन फायरिंग रेंज में इन दिनों सेना की पश्चिम कमान की स्ट्राइक कोर सहित कई यूनिट्स युद्धाभ्यास कर रही हैं।

- ऊंचे पहाड़ों और दुर्गम इलाकों में भारी हथियार पहुंचाना आसान हुआ

सैन्य सूत्रों ने बताया कि इसी दौरान सैन्य एयरबोर्न ट्रेनिंग स्कूल ने स्वदेशी 28-फीट हैवी ड्रॉप एडवांस सिस्टम 20टी (टाइप-वी) का परीक्षण किया। इस दौरान एक बख्तरबंद वाहन को ग्लोबमास्टर मालवाहक विमान से रेंज में सुरक्षित एयर ड्रॉप किया गया। यह सिस्टम एयरबोर्निक्स डिफेंस एंड स्पेस ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की इकाई एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट के साथ मिलकर तैयार किया है। यह परियोजना 'मेक इन इंडिया' के तहत देश में रक्षा उपकरणों को स्वदेशी रूप से बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। स्वदेशी 28-फीट हैवी ड्रॉप एडवांस सिस्टम 20टी (टाइप-वी) के सफल परीक्षण से भारतीय सेना की ताकत बढ़ गई है। खासकर दुश्मन को उसी के एरिया में घुसकर मात देने वाली पश्चिमी कमान की खड़गा कोर को इससे और मजबूती मिली है। इस परीक्षण के बाद काउंटर यूएएस ग्रिड से सीमाएं और सुरक्षित होंगी। स्वदेशी 28-फीट हैवी ड्रॉप एडवांस सिस्टम का परीक्षण महाजन फायरिंग रेंज में चल रहे युद्धाभ्यास का हिस्सा बना।

जानकारी के अनुसार पहले करीब 15 टन वजनी बख्तरबंद वाहन को हवा से गिराकर परीक्षण किया गया। इसके लिए बीएमपी (बख्तरबंद कार्मिक वाहन) का इस्तेमाल किया गया। यह टेस्ट लगभग असली सैन्य हालात जैसे माहौल में किया गया। ट्विन एक्स-ट्रैक्टर सिस्टम की मदद से भारी वाहन को संतुलित और सुरक्षित तरीके से जमीन पर उतारा गया। हैवी ड्रॉप सिस्टम बड़े ट्रांसपोर्ट विमानों से भारी सैन्य वाहन और उपकरणों को सुरक्षित तरीके से जमीन पर उतारने के लिए बनाया गया है। यह एक बार में 20 टन तक का वजन संभाल सकता है। इसमें 28 फुट का खास प्लेटफॉर्म और पैराशूट सिस्टम लगाया गया है।

दो बड़े एक्स-ट्रैक्टर पैराशूट और चार-पॉइंट लिंक सिस्टम की मदद से भारी सामान को पहले विमान से बाहर निकाला जाता है। इसके बाद धीरे-धीरे और संतुलित तरीके से जमीन पर उतारा जाता है। यह तकनीक भारी सैन्य उपकरणों को सुरक्षित और नियंत्रित तरीके से हवा से जमीन तक पहुंचाने में मदद करती है।

# नकबजनी की वारदात का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## 45.30 लाख की नगदी बरामद, कोटा के जवाहर नगर क्षेत्र के सूने मकान में हुई थी चोरी

**कोटा, (निसं)।** जवाहर नगर थाना इलाके के तलवंडी क्षेत्र में एक सूने मकान से लाखों रूपये की नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए जवाहर नगर पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से पुलिस टीम ने करीब 45.30 लाख रूपये नकद बरामद किये हैं।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर नगर इलाके के तलवंडी के बी सेक्टर में एक सूने मकान से लाखों रूपये नकद व सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए नकबजनी का खुलासा करने के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर व उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने घटनास्थल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किये और सभी पहलुओं पर अनुसंधान एवं मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले में थाना उद्योग नगर के प्रेमनगर द्वितीय निवासी विशाल उर्फ घोड़ी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने आरोपी के पास से 45 लाख 30 हजार 800 रूपये नकद बरामद किये हैं। पकड़े गये आरोपी से चोरी की वारदात में शामिल अन्य आरोपियों व अन्य माल बरामदगी के लिये अनुसंधान किया जा रहा हैं।

शहर एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 23 फरवरी को फरियादी ने जवाहर नगर थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि 22 फरवरी को अहमदाबाद से कोटा अपने घर पहुंचे तो घर में मकान के ड्राईंग रूम के प्रवेश द्वार का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी के ताले टूटे हुए मिले और सामान अस्त-व्यस्त था, घर में रखे करीब 45-50 लाख रूपये नकद एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गये। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया एवं नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर नकदी बरामद की।

# उपभोक्ता आयोगों में रिक्त पदों को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर और न्यायाधीश चंद्र शेखर शर्मा के समक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग एवं जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के कार्यकाल विस्तार के मुद्दे पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से सकारात्मक कार्रवाई उच्च स्तर पर विचाराधीन होने और शीघ्र निर्णय लिए जाने की बात कही गई, जिस पर न्यायालय ने अगली सुनवाई 9 मार्च निर्धारित की है।

- राज्य सरकार की ओर से सकारात्मक कार्रवाई उच्च स्तर पर विचाराधीन होने और शीघ्र निर्णय लिए जाने की बात कही गई, जिस पर न्यायालय ने अगली सुनवाई 9 मार्च निर्धारित की है

सुनवाई के दौरान राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता अनिल भंडारी ने पक्ष रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उपभोक्ता आयोग में भर्ती के लिए नए नियम बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इन नियमों के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में पर्याप्त समय लग सकता है। ऐसे में यदि वर्तमान अध्यक्ष एवं सदस्य सेवानिवृत्त हो जाते हैं तो न्यायिक कार्यवाही बाधित होने की आशंका है। वहीं राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार ने अवगत कराया कि गत 27 जनवरी को खंडपीठ द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में राज्य सरकार गहन विचार-विमर्श कर रही है। मामला सकारात्मक रूप से उच्च स्तर पर लंबित है और निर्णय के लिए कुछ और समय अपेक्षित है। राजस्थान हाइकोर्ट ने इस पर राज्य सरकार के जल्द ही निर्णय लिए जाने को देखते हुए आगामी सुनवाई 9 मार्च मुकर्रर की।

# 15 जोड़ी ट्रेनों में 36 अतिरिक्त डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी

**जोधपुर, (कासं)।** होली पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल से संचालित तथा यहां से गुजरने वाली 15 जोड़ी ट्रेनों में विभिन्न श्रेणियों के 36 अतिरिक्त कोच अस्थाई रूप से लगाने का निर्णय लिया है।

जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि होली के अवसर पर ट्रेनों में अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए 1 मार्च से 3 अप्रैल तक चयनित ट्रेनों में कोचों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस व्यवस्था के तहत ट्रेन संख्या 22977/22971 जयपुर-जोधपुर-जयपुर इंटरसिटी सुपरफास्ट में 1 फर्स्ट मय सेकंड एसी श्रेणी तथा 1 थर्ड एसी कोच, ट्रेन संख्या 14801/14802 जोधपुर-इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस में 1 स्लीपर व 4 जनरल कोच तथा ट्रेन संख्या 12465/12466 इंदौर--भगत की कोठी-इंदौर सुपरफास्ट में 1 स्लीपर व 4 जनरल कोच अस्थाई रूप से जोड़े जाएंगे।

इसी प्रकार ट्रेन संख्या 14854/14864, 14866/14853, 14863/14865 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस में 1 थर्ड एसी कोच,ट्रेन संख्या 14807/14808 जोधपुर-दादर-जोधपुर त्रि साप्ताहिक एक्सप्रेस में 1 थर्ड एसी व 2 स्लीपर कोच तथा ट्रेन संख्या 04827/04828 भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी साप्ताहिक स्पेशल में 1 थर्ड एसी व 2 स्लीपर कोच लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त ट्रेन संख्या 20483/20484 भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी द्विसाप्ताहिक सुपरफास्ट में 1 थर्ड एसी व 2 स्लीपर, ट्रेन संख्या 20485/20486 जोधपुर-साबरमती-जोधपुर सुपरफास्ट में 1 थर्ड एसी व 2 स्लीपर तथा ट्रेन संख्या 20492/20491 साबरमती-जैसलमेर-साबरमती सुपरफास्ट में 1 थर्ड एसी व 2 स्लीपर कोच अस्थाई रूप से बढ़ाए जाएंगे।

रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 22497/22498 श्रीगंगानगर-तिरुचिरापल्ली-श्रीगंगानगर साप्ताहिक एक्सप्रेस में 1 थर्ड एसी, ट्रेन संख्या 20481/20482 भगत की कोठी-तिरुचिरापल्ली-भगत की कोठी हमसफर साप्ताहिक एक्सप्रेस में 1 स्लीपर, ट्रेन संख्या 12495/12496 बीकानेर-कोलकाता-बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस साप्ताहिक में 1 थर्ड एसी व 1 स्लीपर तथा ट्रेन संख्या 22473/22474 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस में 1 थर्ड एसी व 1 स्लीपर कोच की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

# कोटा स्टेशन पर चेकिंग में बिना टिकट 123 यात्री पकड़े

**कोटा, (निसं)।** त्यौहार की नजदीकता के चलते ट्रेनों में भीड़ चल रही है। ट्रेनों में यात्रा के दौरान बिना टिकिट यात्रा करने वाले अनियमित्र यात्रियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये रेलवे टिकट चैकिंग स्टॉफ ने किलाबंदी कर टिकट चैकिंग अभियान चलाया, जिसके तहत 123 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा, जिनसे 49 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन में चलाया गया।

- रेलवे टिकट चैकिंग स्टॉफ ने 49 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला
- विशेष अभियान के अंतर्गत 14 ट्रेनों के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कोटा स्टेशन पर 12 घंटे का किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर से बाहर निकलने वाले मार्गों की सघन घेराबंदी की गई, जिससे बिना जांच के कोई भी यात्री बाहर न जा सके। इस विशेष अभियान के अंतर्गत 14 ट्रेनों के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई। जांच के दौरान 123 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पाए गऐं, जिनसे 49,875 रूपये की राशि बतौर किराया एवं जुर्माना वसूला गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि अभियान मुख्य टिकट निरीक्षक दीपक शर्मा के नेतृत्व में 18 टिकिट चैकिंग स्टॉफ तथा 6 रेल सुरक्षा बल कर्मियों के सहयोग से चलाया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर लगातार ऐसे चैकिंग अभियान चलाया जायेंगे। इस प्रकार के अभियान यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा रेल राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किये जाते हैं।



कोटा रेलवे स्टेशन पर टिकट चैकिंग स्टाफ व रेल सुरक्षा बल ने टिकटों की जांच की।

# अलवर : अंतिम संस्कार के पांच दिन बाद अस्पताल में शव लेने पहुंचे परिजन

**अलवर, (निसं)।** अंतिम संस्कार के पांच दिन बाद जिला अस्पताल में परिजन बुजुर्ग का शव लेने पहुंचे। शहर के घंटाघर क्षेत्र में 16 फरवरी को एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला था। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पहचान के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। आसपास के लोगों से पूछताछ के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी, जिसके चलते पुलिस ने नियमों के मुताबिक 19 फरवरी को पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार करवा दिया। मृतक की पहचान फुटीखेल इलाके के निवासी भोलाराम (55) के रूप में हुई।

- अलवर में 16 फरवरी को एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था

मृतक के भतीजे ने बताया कि उसके चाचा अविवाहित थे और कई साल पहले साधु जीवन अपनाकर घर से दूर रहते थे। गिर्राज को मोहल्ले में एक परिचित से 5 दिन बाद इस घटना की जानकारी मिली। गिर्राज ने बताया कि चाचा कई महीनों तक घर नहीं लौटते थे और परिवार से संपर्क भी कम ही रखते थे, इसलिए मौत की खबर समय पर नहीं पहुंच सकी। अस्पताल के एक सफाई कर्मचारी ने उन्हें इस बारे में जानकारी दी। सूचना मिलते ही गिर्राज कोतवाली थाने पहुंचा, जहां से उन्हें अस्पताल चौकी भेजा गया। वहां पता चला कि पुलिस पहले ही पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार कर चुकी है। अब परिवार पुलिस प्रशासन से अस्थियां सौंपने की मांग कर रहा है, ताकि वे उन्हें गंगा में विसर्जित कर सके और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार शांति पाठ व अन्य क्रियाएं पूरी कर सके।

## मंदिर में चोरी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर के व्यस्त इलाके गंज चैराहा के पास स्थित कार्य सिद्ध विनायक मंदिर से अज्ञात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए भगवान गणेशजी का चांदी का छत्र और दानपात्र में रखी नगदी चोरी कर ली। चोरी की इस घटना का पता उस समय चला जब रोजाना की तरह मंदिर के पुजारी सुबह पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि गणेशजी के ऊपर लगा चांदी का छत्र गायब था।

# विजय-रश्मिका की शादी आज

**उदयपुर, (कासं)।** अभिनेता विजय देवरकोंडा और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की बुधवार को मेहंदी की रस्म हुई। इससे पहले हल्दी सेरेमनी हो गई। अब होटल में रात को संगीत का कार्यक्रम होगा। इसके लिए होटल में फूलों से सजावट और लाइटिंग की गई है। दोनों गुरुवार को शादी के बंधन में बंधेंगे। शादी में दोनों परिवार के सदस्य और कुछ खास मेहमान ही शामिल होंगे।

विजय-रश्मिका गुरुवार को परिवार और कुछ खास दोस्तों की मौजूदगी में फेरे लेंगे। शादी में केवल 200 मेहमान शामिल होंगे। रिसेप्शन हैदराबाद में 3 और 4 मार्च को होगा, जिसमें साउथ और बॉलीवुड की कई सेलिब्रिटी शामिल होंगी। अर्जुन रेड्डी, कबीर सिंह, एनिमल जैसी फिल्मों के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा भी बुधवार को शादी में शामिल होने पहुंचे। साउथ इंडिया से पंडित भी आए हैं, जो शादी की रस्मों को पूरा करवाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने रश्मिका और विजय को बधाई संदेश भेजा है। पीएम ने दोनों को आशीर्वाद दिया है। संदेश में श्सखा सप्तपदी भवश् का जिक्र करते हुए कहा कि सात कदम साथ चलने के बाद दूल्हा-दुल्हन जीवनभर के साथी और सच्चे दोस्त बन जाते हैं। ये रिश्ता सिर्फ दो लोगों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का भी होता है। उन्होंने इस बंधन को विश्वास और प्यार से भरी शुरुआत बताया। प्रधानमंत्री ने विजय और रश्मिका के फिल्मी सफर का भी जिक्र किया।